# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
# MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकः रू.वि. / प्र.प.प्र. / विविध / 2026 / 2825-33 दिनांकः 16.07.2026

## सूचना

विश्वविद्यालय परिसर व समस्त सम्बद्ध एलएल.एम. महाविद्यालयों एवं बरेली कालेज, बरेली को सूचित किया जाता है कि क्रमशः एलएल.एम. एवं एलएल.बी. पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से विश्वविद्यालय / सम्बन्धित महाविद्यालय स्तर पर दिनांक 25 जुलाई, 2026 तक प्रवेश करना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

एलएल.बी. एवं एलएल.एम. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय परिसर / सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा सर्वसाधारण के संज्ञानार्थ समाचार पत्रों में विज्ञप्ति / सूचना प्रकाशित कराकर, विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त कर, प्रवेश परीक्षा में प्राप्त रैंक के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर एवं अभ्यर्थियों के अर्हता सम्बन्धी मूल प्रपत्रों के परीक्षणोरान्त निर्धारित सीट संख्या पर नियमानुसार दिनांक 25 जुलाई, 2026 तक प्रवेश करने के साथ ही प्रवेशित अभ्यर्थियों का विवरण समर्थ पोर्टल पर भी अपलोड कराते हुए ऐसे प्रवेशित अभ्यर्थियों का विवरण (MS Excel Format) विश्वविद्यालय की ई–मेल (registrarmjpru@gmail.com) पर दिनांक 27 जुलाई, 2026 तक तथा हार्डकॉपी (अभ्यर्थियों के प्रवेश परीक्षाफल सहित) दिनांक 29 जुलाई, 2026 तक अधोहस्ताक्षरी को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

कुलसचिव

**प्रतिलिपि**– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख समन्वयक–प्रवेश परीक्षा।
2. विभागाध्यक्ष–विधि, विश्वविद्यालय परिसर।
3. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध एलएल.एम. महाविद्यालय, म.ज्यो.फु.रू.वि.वि., बरेली।
4. प्राचार्य, बरेली कालेज, बरेली।
5. मीडिया प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपर्युक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. परीक्षा नियन्त्रक।
7. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उक्त सूचना अपलोड करने हेतु।
8. निजी सचिव–कुलपति, को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
9. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner